'चंदामामा' और 'नंदन' से रील्स तक पहुंचे बच्चे, बिगड़ रही सेहत

बाल दिवस विशेष

हल्द्वानी, वरिष्ठ संवाददाता। देशभर में 14 नवंबर, बाल दिवस को लेकर उत्साह है। इसे धूमधाम से मनाया जाएगा। बच्चों की खुशियों और उनके उज्ज्वल भविष्य की बातें होंगी, लेकिन बदलते दौर की एक कड़वी हकीकत यह भी है कि आधुनिक बचपन अब 'स्मार्टफोन' की कैद में सिमटता जा रहा है।

कभी 'चंदामामा', 'नंदन', 'चंपक' और 'पंचतंत्र' की कहानियों में खोए रहने वाले बच्चों का बचपन अब स्मार्टफोन की स्क्रीन तक सिमटता जा रहा है। जिस उम्र में बच्चों के हाथों में कहानियों की किताबें और खेल के मैदान में बल्ला होना चाहिए, उस उम्र में उनकी उंगलियां मोबाइल पर रील्स स्क्रॉल करने में व्यस्त हैं।

डिजिटल दौर में बच्चों की किताबें पढ़ने की आदत तेजी से कम हो रही है। हल्द्वानी के पुस्तक विक्रेताओं और लाइब्रेरी संचालकों के मुताबिक, पिछले कुछ वर्षों में बाल साहित्य की बिक्री और बच्चों में किताबें पढ़ने की रुचि में 60 से 70 प्रतिशत तक गिरावट आई है। इसका असर बच्चों की कल्पनाशक्ति, एकाग्रता और सामाजिक व्यवहार पर भी पड़ रहा है। वहीं, स्क्रीन टाइम बढ़ने से बच्चों में चिड़चिड़ापन, तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं।



जरूरी सुझाव

- भोजन के समय और सोने से कम से कम एक घंटे पहले घर में मोबाइल का इस्तेमाल पूरी तरह बंद रखें।
- बच्चों के जन्मदिन और बाल दिवस पर उन्हें उम्र के अनुसार रोचक कहानियों की किताबें उपहार में दें।
- बच्चों को नियमित रूप से खेलकूद, कहानी सुनने और किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

किताबों से दूरी ने छह साल के विहान की मुश्किलें बढ़ाईं

नवाबी रोड निवासी एक दंपती ने कामकाज में व्यस्त रहने के कारण अपने बेटे विहान (काल्पनिक नाम) को व्यस्त रखने के लिए बचपन से ही मोबाइल थमा दिया। इसका असर यह हुआ कि छह साल की उम्र में भी वह अपनी बात ठीक से नहीं कह पाता और न ही उसे कहानियों की किताबों में रुचि है। डॉक्टरों ने इसे 'वर्चुअल ऑटिज्म' के शुरुआती लक्षण बताते हुए मोबाइल का इस्तेमाल पूरी तरह बंद कराने और बच्चे को किताबों तथा खेलकूद से जोड़ने की सलाह दी है।

मोबाइल छीनने पर आक्रामक हो गया 10 साल का आरव

मुखानी क्षेत्र निवासी 10 वर्षीय आरव (काल्पनिक नाम) को ऑनलाइन गेमिंग और रील्स देखने की इतनी लत लग गई कि उसने घर से बाहर दोस्तों के साथ खेलना तक बंद कर दिया। पढ़ाई का हवाला देकर माता-पिता ने जब उससे मोबाइल लिया तो वह तोड़फोड़ करने लगा और उसने खाना भी छोड़ दिया।

नींद की कमी और तनाव से जूझने लगी 14 वर्षीय अनन्या

काठगोदाम निवासी नौवीं कक्षा की छात्रा अनन्या (काल्पनिक नाम) देर रात तक सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती थी। रील्स की चकाचौंध और दूसरों से अपनी तुलना करने के कारण उसमें हीनभावना बढ़ने लगी। पर्याप्त नींद नहीं लेने से उसे सिरदर्द और चिड़चिड़ेपन की समस्या होने लगी।

मोबाइल की लत से बढ़ रही मानसिक समस्याएं

एसटीएच हल्द्वानी के मनोवैज्ञानिक डॉ. युवराज पंत का कहना है कि आजकल ओपीडी में ऐसे बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जो मोबाइल की लत के कारण एंग्जायटी, चिड़चिड़ेपन और डिप्रेशन का सामना कर रहे हैं। लगातार रील्स और शॉर्ट वीडियो देखने से बच्चों की ध्यान केंद्रित करने की क्षमता (अटेंशन स्पैन) कम हो रही है। किताबें पढ़ने से दिमाग को मिलने वाला सुकून और रचनात्मकता मोबाइल के अत्यधिक इस्तेमाल से प्रभावित हो रही है। माता-पिता को चाहिए कि बाल दिवस पर बच्चों को महंगे गैजेट देने के बजाय किताबें उपहार में दें और खुद भी उनके साथ बैठकर पढ़ें।

शहर 30s



हल्द्वानी में गुरुवार को मिनर्वा प्रोग्रेसिव स्कूल में क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।

रामायण क्विज में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हल्द्वानी। दीपावली के उपलक्ष्य पर मिनर्वा प्रोग्रेसिव स्कूल में रामायण क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें यूकेजी से कक्षा दो तक के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए रामायण से जुड़े प्रश्नों के सटीक उत्तर दिए। दोनों टीमों के बीच चले कड़े मुकाबले में टीम 'ए' ने शानदार जीत दर्ज की। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि आयोजन का मुख्य लक्ष्य बच्चों में सत्य, साहस, मर्यादा और कर्तव्य जैसे जीवन मूल्यों का विकास करना है।



सूर्याजाला में गुरुवार को लोगों से जनसंवाद करते भाजपा नेता विकास भगत।

विकास ने सूर्याजाला में सुनीं लोगों की समस्याएं

हल्द्वानी। भाजपा नेता विकास भगत ने गुरुवार को भीमताल के सूर्यागांव में जनसंवाद कर समस्याएं सुनीं और विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने 15 नवंबर को कालाढूंगी में होने वाले मातृशक्ति सम्मान समारोह में शामिल होने की अपील की, जिसमें सीएम पुष्कर सिंह धामी और सांसद बांसुरी स्वराज पहुंचेंगे। इस दौरान सुमन सूर्या, पंकज सूर्या, शक्ति सिंह सूर्या, भगवान सूर्या, सुरेंद्र सूर्या व पवन कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।



हल्द्वानी के श्री सीताराम गोपाल गोधाम में भागवत कथा सुनतीं महिला श्रद्धालु।

'भागवत कथा श्रवण से ज्ञान की होती है प्राप्ति'

हल्द्वानी। श्री सीताराम गोपाल गोधाम में श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य सतीश चंद्र लोहनी ने भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भागवत श्रवण से धुंधकारी जैसे प्रेत भी गोलोक गए। हनुमान जी का उदाहरण देते हुए उन्होंने सच्ची भक्ति और गौसेवा पर जोर दिया। इस दौरान मुख्य यजमान नवीन चंद्र जोशी, हेम भंडारी और नवरत्न चंद्र पांडे रहे। समिति अध्यक्ष नवरत्न चंद्र भगत व चंद्र सिंह बिष्ट सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

जिले के 191 माध्यमिक विद्यालयों को विकास व छात्र गतिविधियों को जारी हुई थी पहली किस्त

बच्चों के हक की महज दो फीसदी रकम ही खर्च की

लापरवाही

हल्द्वानी, वरिष्ठ संवाददाता। नैनीताल जिले के सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में छात्रों के विकास और बुनियादी सुविधाओं के लिए जारी बजट खर्च करने में लापरवाही सामने आई है। बजट जारी होने के करीब एक माह बाद भी कई विद्यालयों ने महज दो फीसदी धनराशि ही खर्च की है। वहीं, सबसे अधिक खर्च करने वाले विद्यालयों का आंकड़ा भी 14 फीसदी से आगे नहीं बढ़ पाया है।

गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में आयोजित प्रधानाचार्यों की समीक्षा बैठक में यह स्थिति सामने आने पर मुख्य शिक्षा अधिकारी (सीईओ) सुरेश चंद्र आर्य ने नाराजगी जताई और संबंधित प्रधानाचार्यों को फटकार लगाई। बैठक में सभी प्रधानाचार्यों को ऑनलाइन खर्च का ब्योरा भी दिखाया गया। जिले में कुल 191 सरकारी माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 22 पीएमश्री स्कूल शामिल हैं। शासन की ओर से इन विद्यालयों को स्कूल ग्रांट के तहत विकास कार्यों, सफाई, खेलकूद, इको क्लब, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, करियर काउंसलिंग और किशोरावस्था कार्यक्रमों को बजट आवंटित किया है। योजना के तहत कुल स्वीकृत बजट की 50% पहली किस्त 15 अक्तूबर को ही विद्यालयों के खातों में जारी कर दी थी। समीक्षा के दौरान सामने आया कि अधिकांश विद्यालयों ने बजट खर्च करने में रुचि नहीं दिखाई। इस पर सीईओ ने कार्यप्रणाली में सुधार लाने और निर्धारित समयसीमा के भीतर आवंटित धनराशि का सदुपयोग करने के निर्देश दिए।



हल्द्वानी में गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में प्रधानाचार्यों की समीक्षा बैठक में प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ और मौजूद प्रधानाचार्य। हिन्दुस्तान

जूते और बैग की रकम नहीं मिलने पर उठे सवाल

हल्द्वानी। सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को मुफ्त जूते और बैग देने की योजना के बजट को लेकर समीक्षा बैठक में अधिकारियों और प्रधानाचार्यों में विरोधाभास सामने आया। अधिकारियों ने धनराशि जारी होने का दावा किया, जबकि प्रधानाचार्यों ने खातों में पैसा न पहुंचने की बात कही। इस स्थिति से शासन द्वारा जारी धनराशि के समय पर न पहुंचने पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, जिस पर प्रधानाचार्यों ने स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है।

समय पर निपटाएं लंबित कार्य : सीईओ

मुख्य शिक्षा अधिकारी सुरेश चंद्र आर्य की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने और विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया।

प्रधानाचार्यों और प्रधानाध्यापकों को वित्तीय पारदर्शिता बनाए रखने, अभिलेख अद्यतन रखने तथा लंबित प्रकरणों का समयसीमा के भीतर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।बैठक में सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी बीबी जोशी और जिला समन्वयकों ने समग्र शिक्षा तथा पीएमश्री योजना की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। यूनिफॉर्म व अनुदानों की समीक्षा करते हुए लंबित उपयोगिता प्रमाणपत्र जल्द जमा करने और 'एसएनए स्पर्श' प्रणाली से जुड़े मामलों को निपटाने को कहा गया। साथ ही, यूडाइस, अपार आईडी व वीएसके पोर्टल पर विद्यार्थियों का डाटा और नियमित उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

किस मद में कितना मिलता है बजट

- स्कूल ग्रांट : छात्र संख्या के आधार पर 10 हजार से एक लाख रुपये तक
- खेलकूद : 25 हजार रुपये
- इको क्लब : 25 हजार रुपये
- आत्मरक्षा प्रशिक्षण : 15 हजार रुपये
- करियर काउंसलिंग : पांच हजार रुपये
- किशोरावस्था जागरूकता कार्यक्रम : तीन हजार रुपये

'बुनियादी सुविधाओं का समाधान ही प्राथमिकता'



नवनियुक्त नगर आयुक्त आशिमा गोयल ने लिया चार्ज

हल्द्वानी, कार्यालय संवाददाता। नगर निगम क्षेत्र में सफाई, सीवरेज, कूड़ा निस्तारण और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त करना प्राथमिकता होगी। लोगों को रोजाना होने वाली समस्याओं से निजात दिलाने के लिए जरूरत के अनुसार कार्ययोजना तैयार कर काम किया जाएगा। गुरुवार को नवनियुक्त नगर आयुक्त आईएएस आशिमा गोयल ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद यह बात कही। निवर्तमान नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने उन्हें कार्यभार सौंपा।

पत्रकारों से बातचीत में आशिमा गोयल ने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के साथ ही सीवरेज और सड़कों से जुड़ी समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कूड़ा निस्तारण को बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि ट्रेंचिंग ग्राउंड में पहले से जमा कूड़े के निस्तारण के साथ ही रोजाना निकलने वाले नए कूड़े का उचित निस्तारण भी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि शहर की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से काम किया जाएगा। इसके लिए आवश्यकतानुसार कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

हल्द्वानी में 24 नवंबर से सजेगा राष्ट्रीय सरस मेला

हल्द्वानी, मुख्य संवाददाता। हल्द्वानी में 24 नवंबर से 3 दिसंबर तक एमबी इंटर कॉलेज मैदान में राष्ट्रीय सरस मेला आयोजित होगा, जिसमें देशभर के स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों और स्थानीय हुनर को बढ़ावा देने के लिए करीब 250 स्टॉल लगेंगे।

मेले में विभिन्न राज्यों के उत्पाद, विभागों की प्रस्तुतियां और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए देश की लोककलाओं की झलक देखने को मिलेगी। सीडीओ अरविंद कुमार पांडे ने विकासखंड सभागार में तैयारियों की समीक्षा करते हुए 18 नवंबर तक स्टॉल बुकिंग और मैदान का लेआउट पूरा करने के निर्देश दिए। मेले में सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, बिजली, पानी, चिकित्सा, अग्निशमन, सफाई पुख्ता व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

कल छह घंटे बंद रहेंगे फिल्टर प्लांट, पानी आपूर्ति रहेगी ठप

हल्द्वानी, कार्यालय संवाददाता। हल्द्वानी के बड़े हिस्से में शनिवार को शीशमहल फिल्टर प्लांट के चैंबरों और फिल्टर की सफाई के चलते सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक यानी छह घंटे पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी।

प्लांट के चैंबरों में गाद जमने से पानी छानने की क्षमता प्रभावित हो रही थी, जिसके कारण जल संस्थान ने यह सफाई कार्य कराने का निर्णय लिया है। इस दौरान प्लांट पूरी तरह बंद रहने से संबंधित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी और लोगों को किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। इसे देखते हुए जल संस्थान ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए पहले ही जरूरत के अनुसार पानी जमा कर लें।

पानी जमा करने की अपील

जल संस्थान के ईई रविशंकर लोशाली ने बताया कि चैंबरों और फिल्टर प्लांट की नियमित सफाई जरूरी है। इसके लिए शनिवार को छह घंटे तक प्लांट बंद रखे जाएंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि असुविधा से बचने को पानी भंडारण कर लें।

कार्यालय हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार

पत्रांकः 3534/अभि01 (क)-06/2025-26 दिनांकः 09/11/2026

-: ऑनलाईन निविदा सूचना :-

उपाध्यक्ष हरिद्वार- रुड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार की ओर से Installation of AI Based IP-IR CCTV-Based Surveillance System at Ghats to Enhance the Safety and Security of Pilgrims. कार्य हेतु निविदा ई-निविदा वेबसाइट www.uktenders.gov.in के माध्यम से दिनांक 25.11.2026 अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 10.11.2026 से वेबसाइट www.uktenders.gov.in पर उपलब्ध होंगी। निविदाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी, नियम/ शर्तें प्राधिकरण की वेबसाइट www.onlinehrda.com पर भी उपलब्ध है। उपरोक्त कार्यों से संबंधित शर्तों एवं महत्वपूर्ण तिथियों में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाइट www.uktenders.gov.in, एवं www.onlinehrda.com पर ही Publish किया जायेगा।

अधिशासी अभियन्ता,
हरिद्वार-रुड़की विकास प्राधिकरण, हरिद्वार।

राज्यस्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप शुरू

रामनगर, संवाददाता। खेल निदेशालय के निर्देशानुसार रामनगर के पैठ पड़ाव स्थित प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति परिसर में उत्तराखंड राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शानदार आगाज हुआ है।15 नवंबर तक चलने वाली इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में यूथ बालक-बालिका और एलीट सीनियर महिला वर्ग के तहत प्रदेशभर से आए 162 मुक्केबाज अपना दमखम दिखा रहे हैं।

गुरुवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष मो. अकरम और ज्येष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी मौजूद रहे। जिला क्रीड़ा अधिकारी हल्द्वानी निर्मला पंत ने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहकर खेल भावना के साथ खेलने का संदेश दिया। आयोजक एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक देवेंद्र चंद्र भट्ट ने बताया कि इस चैंपियनशिप में अल्मोड़ा, देहरादून, ऊधमसिंह नगर, पौड़ी गढ़वाल, टनकपुर और स्पोर्ट्स हॉस्टल कोटद्वार सहित विभिन्न जिलों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन नवीन पांडे ने किया। इस अवसर पर उत्तराखंड बॉक्सिंग संघ के सचिव गोपाल सिंह खोलिया, पूर्व कोषाध्यक्ष नवीन टम्टा, किसान आयोग के सदस्य संजय डोर्बी, पूर्व राज्य मंत्री दिनेश मेहरा, पूर्व महिला आयोग उपाध्यक्ष अमिता लोहनी रहे।



रामनगर में गुरुवार को आयोजित राज्य स्तर बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ करतीं मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी एवं अन्य। ● हिन्दुस्तान

पहले दिन इनका चला पंच

अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक देवेंद्र चंद्र भट्ट ने बताया कि चैंपियनशिप के पहले दिन 19 प्री-क्वार्टर और 18 क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। इनमें कोमल जोशी (हरिद्वार), चिरंजीव (बागेश्वर), कविता (ऊधम सिंह नगर), अंसवीर चौहान (पौड़ी गढ़वाल), गौरव सिंह बिष्ट (अल्मोड़ा), हिमांशु सिंह दानू व रोहन जोशी (साई काशीपुर), आयुष खनका व प्रियांशु विश्वकर्मा (स्पोर्ट्स हॉस्टल टनकपुर) और सुमित अधिकारी (चम्पावत) ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

लालकुआं को अर्बन लर्नाथॉन 2.0 में मिला पहला स्थान

लालकुआं, संवाददाता। लालकुआं नगर पंचायत ने स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय और एनआईयूए की ओर से आयोजित 'अर्बन लर्नाथॉन 2.0' में लालकुआं को विजेता घोषित किया गया है।

यह सफलता स्वयं सहायता समूहों के जरिए संपूर्ण कचरा प्रबंधन समाधान की पहल के लिए मिली है, जिसमें देशभर की 201 प्रविष्टियों को पछाड़कर इसे सर्वश्रेष्ठ चुना गया।17 नवंबर को देहरादून में आयोजित सम्मान समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू द्वारा प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह पूरे लालकुआं नगर के लिए गर्व की बात है। इस उपलब्धि का श्रेय कर्मचारियों, स्वयं सहायता समूहों, लोगों के सहयोग को जाता है। भविष्य में भी नगर को स्वच्छ, बनाने के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

विद्यार्थियों ने जाना पक्षियों का संसार

रामनगर। महान पक्षी वैज्ञानिक डॉ. सलीम अली की जयंती पर रिंगोड़ा और रामनगर वन प्रभाग द्वारा गुरुवार को दो दिवसीय बर्ड फेस्टिवल का शुभारंभ हुआ। इसमें 30-35 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

नगरवन में बर्ड वॉचिंग सत्र के दौरान संजय चिमवाल, हरिशंकर देव, रवि बिष्ट, महेंद्र पवार, दीप मलिकानी के निर्देशन में छात्रों ने पक्षियों के व्यवहार की जानकारी ली। वाइल्डलाइफ आर्ट गैलरी पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया गया। यहां दीप रजवार, नवेंदु मठपाल और रवि बिष्ट मौजूद रहे।

हल्द्वानी में होगा युवा उत्सव भजन क्लबिंग

हल्द्वानी, कार्यालय संवाददाता। हल्द्वानी में पहली बार पारंपरिक भजनों और आधुनिक संगीत का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। युवाओं को संस्कृति स्वामी विवेकानंद के विचारों से जोड़ने के लिए 14 नवंबर को एमबी इंटर कॉलेज मैदान में 'युवा उत्सव भजन क्लबिंग' का आयोजन किया जाएगा।

नगर निगम और दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम में स्टैंडअप कॉमेडी और कई अन्य आकर्षक गतिविधियां भी होंगी। निगम सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में मेयर गजराज बिष्ट ने बताया इसका उद्देश्य युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा व राष्ट्रभक्ति की भावना जगाना है। यहां साध्वी डॉ. शिवानी भारती, स्वामी उमेशानंद, चंदन बिष्ट रहे।



हल्द्वानी में गुरुवार को मेयर गजराज बिष्ट ने युवा उत्सव का पोस्टर लॉन्च किया।

हल्द्वानी में भूजल स्तर बढ़ाने को बनेंगे 27 रिचार्ज शाफ्ट

हल्द्वानी, कार्यालय संवाददाता। हल्द्वानी में लगातार गिरते भूजल स्तर को थामने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड शहरी विकास एजेंसी (यूयूएसडीए) ने एक महत्वपूर्ण कार्ययोजना तैयार की है। शहर में बढ़ती आबादी और अंधाधुंध शहरीकरण के कारण ट्यूबवेलों से भूजल का अत्यधिक दोहन हो रहा है, जबकि पक्के निर्माणों की वजह से बारिश का पानी जमीन में समाहित न होकर नालों में बह जाता है। इसके परिणामस्वरूप, शहर में हर साल भूजल स्तर करीब पांच फीट नीचे खिसक रहा है।

इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए शहर में 27 स्थानों पर रिचार्ज शाफ्ट बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। योजना के तहत पार्कों, सरकारी परिसरों, स्कूलों, सड़कों के किनारे और खाली जमीनों को चिह्नित किया जा रहा है, जहां बारिश का पानी जमा होता है। इन शाफ्ट के माध्यम से छतों और सड़कों पर एकत्र होने वाले बारिश के पानी को सीधे जमीन के भीतर पहुंचाया जाएगा। प्रत्येक स्थान की भौगोलिक स्थिति के अनुसार शाफ्ट की गहराई और क्षमता तय की जाएगी, और इनकी नियमित सफाई व रखरखाव भी सुनिश्चित किया जाएगा। यूयूएसडीए के परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह ने जानकारी दी है कि इस दिशा में काम तेजी से चल रहा है और अब तक छह स्थानों पर रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण पूरा हो चुका है। शेष स्थानों पर भी जल्द ही निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा : क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, प्रथम तल क्षेत्रीय कार्यालय, रुद्रपुर, गाबा चौक के पास, काशीपुर रोड, रुद्रपुर- 263153

ई-नीलामी सूचना

चल/अचल संपत्तियों की नीलामी सूचना "परिशिष्ट IV-A" नियम 6(2) एवं 9(1) देखें

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनः निर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के सुरक्षा अधिनियम (पवर्तन) 2002 के साथ पठित नियम 6(2) एवं 9(1) के अधीन बैंक को बंधक रखी चल/अचल संपत्तियों की ई-नीलामी

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी एवं जमानतदार को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित संपत्ति बैंक ऑफ बडौदा के पास बंधक है एवं जिसका कब्जा बैंक के संबंधित प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, खर्चे एवं कीमत इत्यादि सहित वसूलने हेतु निम्न शर्तों एवं नियमों के अंतर्गत ई-नीलामी द्वारा विक्रय की जा रही है। निम्न वर्णित संपत्तियां "जहां है जैसी है एवं जो है जैसी है" के आधार पर ई-नीलामी के द्वारा विक्रय की जायेंगी। बकाएदार/जमानतदार/सम्पत्ति/यों का विवरण/बकाया धनराशि/रिर्जव प्राईज/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, आरक्षित मूल्य एवं न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है :-

क्र. सं.	ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	चल/अचल सम्पत्ति का विवरण	रिजर्व प्राईज	दिनांक एवं ई-नीलामी के प्रारम्भ का समय	मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि / बकाया धनराशि
1.	1. मैसर्स सम्राट एंटरप्राइजेज, द्वारा इसके प्रोपराइटर श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल, प्लॉट नं. 8/1, हिमालयन फूड पार्क, महुआखेड़ा, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 2. श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल (प्रोपराइटर मैसर्स सम्राट एंटरप्राइजेज), पता- प्लॉट नं. 8/1, हिमालयन फूड पार्क, महुआखेड़ा, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 3. श्रीमती राजबाला अग्रवाल पत्नी श्री राकेश अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 4. श्री सौरभ अग्रवाल पुत्र श्री राकेश कुमार अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 5. श्रीमती दिशा अग्रवाल पत्नी श्री गौरव अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 6. श्रीमती दीप्ति अग्रवाल पत्नी श्री सौरभ अग्रवाल (जमानती), पता- वार्ड नं. 11, मोहल्ला ओझान, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713 7. श्री संजीव अग्रवाल पुत्र श्री शंकर लाल (जमानती), पता- हाउस नं. 24 बी/2, आदर्श कॉलोनी, सिविल लाइन्स, रामपुर, उत्तर प्रदेश-244901 8. श्री मोहम्मद अली पुत्र श्री मोहब्बे अली (जमानती), पता-मोहल्ला अल्लीखां, वार्ड नंबर 10, काशीपुर, जिला- ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713	बंधक अचल सम्पत्ति (भूमि व भवन) के सभी भाग व हिस्से जो कि खसरा सं. 304, 305, प्लॉट सं. 8/1 महुआखेड़ा गंज, काशीपुर, ऊधम सिंह नगर में स्थित है। क्षेत्रफल 21520 वर्ग फुट या 2000 वर्ग मीटर। सम्पत्ति श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल के नाम पर विधिवत पंजीकृत है (लीज डीड सीरियल सं. 6348, दिनांक 01.09.2017 को हिमालयन फूड पार्क द्वारा श्रीमती मोनिका अग्रवाल पत्नी श्री संजीव अग्रवाल के पक्ष में जारी की गई है)। सीमायें (लीज डीड के अनुसार)-पूरब में दूसरों के प्लॉट, पश्चिम में दूसरों के प्लॉट, उत्तर में 15 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिण में चक रोड।	₹ 1,98,00,000.00 ईएमडी ₹ 19,80,000.00 न्यूनतम बोली की वृद्धि राशि ₹ 25,000.00 नियम एवं शर्तों के लिए कृपया इस क्यू आर को स्कैन करें	05.12.2026 अपरान्ह 12:00 से सायं 05:00 कब्जे का प्रकार भौतिक कब्जा	05.01.2024 20.05.2024 ₹ 3,59,39,936.00 (रुपये तीन करोड़ उनसठ लाख उनतालीस हजार नौ सौ छत्तीस मात्र) + ₹ 14,73,943.15 (रुपये चौदह लाख तिहत्तर हजार नौ सौ तिरालिस एवं पैसे पंद्रह मात्र) (अप्राप्त ब्याज) + अप्रयुक्त ब्याज + कानूनी शुल्क + अन्य शुल्क एवं ब्याज 26.12.2023 से प्रभावी

विक्रय के निबन्धन और शर्तो के ब्यौरे के लिए कृपया हमारी वेबसाईट https://www.bankofbaroda.in/e-auction.html एवं https://baanknet.com देखें। भावी बोली दाता प्राधिकृत अधिकारी, मो0-8477000519, 8477009621 से भी सम्पर्क कर सकते हैं। नोट : किसी भी त्रुटि या विवाद की स्थिति में इस नीलामी नोटिस का अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स दिनांक 13.11.2026 को प्रकाशित नोटिस मान्य होगा।

सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय : 30.11.2026 को अपरान्ह 12 बजे से सायं 05:00 बजे तक

सरफासी ऐक्ट, 2002 के तहत बिक्री हेतु 15 दिन का कानूनी नोटिस

एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटरों को अधिसूचित किया जाता है कि वे उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों सहित नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, की वसूली ब्याज एवं लागत सहित की जाएगी।

दिनांक : 12.11.2026 स्थान : बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, रुद्रपुर प्राधिकृत अधिकारी

ऋण वसूली अधिकरण, देहरादून

पारस टॉवर, द्वितीय तल, माजरा निरंजनपुर, सहारनपुर रोड, देहरादून

आर.सी.नं0 – 39/2021 दिनांकः 23.09.2026

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया प्रमाणपत्र धारक

बनाम

मैसर्स सर्वेश्वर एंटरप्राइजेज एवं अन्य प्रमाणपत्र देनदार

डिमांड नोटिस

सेवा में,

सीडी नंबर 1. मैसर्स सर्वेश्वर इंटरप्राइजेज पंजीकृत कार्यालय- खसरा नं. 50, ग्राम जाड़ा साही, तहसील जसपुर, जिला- उधमसिंह नगर, उत्तराखंड।

सीडी नंबर 2. रुचित मांगलिक पुत्र श्री नीरज कुमार मांगलिक, निवासी 94 डी, गांव कचनालगाजी, कुमाऊं कॉलोनी, तहसील काशीपुर, जिला-उधमसिंह नगर, उत्तराखंड।

सीडी नंबर 3. वैभव शर्मा पुत्र श्री चंद्र मोहन शर्मा, निवासी 120, मांगलिक भवन, खारी कुंआ, रामपुर सिटी, उत्तर प्रदेश।

सीडी नंबर 4. श्रीमती अरुणा मांगलिक पत्नी श्री नीरज कुमार मांगलिक, निवासी 120, मांगलिक भवन, खारी कुंआ, रामपुर सिटी, उत्तर प्रदेश।

जबकि पीठासीन अधिकारी, डीआरटी देहरादून द्वारा ओ.ए. संख्या 305/2020 में जारी वसूली प्रमाण पत्र द्वारा रुपये 21,80,404.84/- (रूपये इक्कीस लाख अस्सी हजार चार सौ चार एवं चौरासी पैसे मात्र) के साथ-साथ दिनांक 28.09.2020 से वसूली तक @ 8.90% वार्षिक साधारण ब्याज की दर से लंबित और भविष्य ब्याज एवं लागत रुपये 45,000/- (रूपये पैंतालीस हजार मात्र) आपके विरुद्ध (संयुक्त रूप से और अलग-अलग) देय है।

आपको नोटिस प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर उपरोक्त राशि जमा करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नियमानुसार वसूली की जाएगी।

आपको आगे की कार्यवाही के लिए दिनांक 08.12.2026 को सुबह 10:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के सामने पेश होने का आदेश दिया जाता है।

उक्त धनराशि के अतिरिक्त आप निम्नलिखित के भुगतान के लिए भी उत्तरादायी होंगे।

ए) इस निष्पादन प्रक्रिया की सूचना के तुरंत बाद की अवधि हेतु देय ब्याज।

बी) इस सूचना को दिए जाने और अन्य प्रक्रिया में होने वाली सभी लागतें, प्रभार और व्यय, जिसे देय राशि की वसूली हेतु प्रक्रिया में किया गया है।

वसूली अधिकारी,
ऋण वसूली अधिकरण, देहरादून